# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 12 जून, 2019


- भारतीय रेलवे का त्रिपक्षीय समझौता
- समुद्रीय सूचना साझाकरण कार्यशाला 2019
- प्रोटेम स्पीकर
- गंगा दशहरा
- अल साल्वाडोर के जंगल 'जीवित-इकाई' घोषित
- रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी
- खीर भवानी मेला


## भारतीय रेलवे का त्रिपक्षीय समझौता

भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम (Indian Railway Station Development Corporation- IRSDC) ने 10 जून, 2019 को फ्रेंच नेशनल रेलवेज़ (French Railways- SNCF) और फ्राँस की एजेंसी AFD के साथ त्रिपक्षीय समझौता किया है।

- इस समझौते के तहत फ्राँस की एजेंसी AFD ने भारत में रेलवे स्टेशनों के विकास में सहायता के लिये अधिकतम 7,00,000 यूरो का अनुदान देने पर सहमति व्यक्त की है। इससे विकास कार्यों के क्रियान्वयन में भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम अथवा भारतीय रेल पर वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।
- रेलवे क्षेत्र में भारत और फ्राँस के बीच एक मज़बूत और पुरानी साझेदारी रही है। भारत-फ्राँस के बीच सहयोग को और अधिक मज़बूत करने में यह प्रयास कारगर साबित होगा तथा भारतीय रेलवे को अपने स्टेशनों को विश्व-स्तरीय मानकों के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी।

### भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम

- भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम, इरकॉन इंटरनेशनल (Ircon International) और रेल भूमि विकास प्राधिकरण (Rail Land Development Authority- RLDA) की एक संयुक्त उद्यम है। रेल भूमि विकास प्राधिकरण रेल मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक प्राधिकरण है।
- इसे 12 अप्रैल, 2012 को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारतीय रेलवे में शामिल किया गया था।
- IRSDC में इरकॉन और RLDA की इक्विटी हिस्सेदारी 50:50 के अनुपात में है।
- भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम का मुख्य उद्देश्य विश्व-स्तरीय रेलवे स्टेशनों के निर्माण की परिकल्पना प्रस्तुत करना है, ताकि उपयोगकर्त्ताओं की सुविधा के अनुसार टिकाऊ प्रौद्योगिकियों को लागू किया जा सके।

---

## समुद्रीय सूचना साझाकरण कार्यशाला 2019
## Maritime Information Sharing Workshop

सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (Information Fusion Centre–Indian Ocean Region), गुरुग्राम के तत्त्वावधान में भारतीय नौसेना एक समुद्री सूचना साझाकरण कार्यशाला (Maritime Information Sharing Workshop- MISW) की मेज़बानी कर रही है।

- समुद्रीय सूचना साझा करने में सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने तथा हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने के लिये 12-13 जून, 2019 को इसका आयोजन किया जा रहा है।
- इस कार्यशाला में भागीदार देशों के विशेषज्ञों द्वारा समुद्री डकैती, मानव और मादक पदार्थों की तस्करी तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिये कानूनी पहलुओं के बारे में संवादमूलक सत्र आयोजित किये जाएंगे।

---

## प्रोटेम स्पीकर

## Pro-tem speaker

मध्य प्रदेश की टीकमगढ़ लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार 17वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर होंगे।

- वीरेंद्र कुमार भारत की 11वीं, 12वीं, 13वीं, 14वीं, 15वीं और 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे हैं।
- प्रोटेम स्पीकर सदन का सबसे वरष्ठि सदस्य होता है जो स्पीकर और डप्टिी स्पीकर की नयिुक्त निहीं होने तक सदन की कार्यवाही संचालति करता है।
- राष्ट्रपत अिल्पकाल के लयि एक अध्यक्ष नयिुक्त करता है जसि प्रोटेम या सामयकि अध्यक्ष कहते हैं।
- प्रोटेम लैटनि भाषा के 'प्रो टेम्पोर' शब्द का संक्षप्ति रूप है जसिका अर्थ 'कुछ समय के लयि' होता है।
- प्रोटेम स्पीकर का मुख्य उद्देश्य नए सदस्यों को शपथ दलिाना होता है।

---

## गंगा दशहरा

हदिू कैलेंडर के अनुसार, प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा मनाया जाता है। अंग्रेज़ी कैलेंडर के अनुसार, गंगा दशहरा मई या जून महीने में मनाया जाता है. वर्ष 2019 में गंगा दशहरा 12 जून को मनाया जा रहा है।

- हदिू कथाओं में गंगा दशहरा को पुण्य कमाने तथा दान करने के अवसर के रूप में देखा जाता है।
- **महत्व:** पौराणकि मान्यताओं के अनुसार गंगा दशहरा के दनि गंगा पृथ्वी पर अवतरति हुई थी।

---

## अल साल्वाडोर के जंगल 'जीवति-इकाई' घोषति

5 जून, 2019 को वशि्व पर्यावरण दवित पर अल साल्वाडोर (El Salvador) की वधिानसभा ने जंगलों को 'जीवति-इकाई' (Living Entity) के रूप में मान्यता प्रदान करने की घोषणा की।

- घोषणा में कहा गया है क प्रित्येक व्यक्त िको जंगलों की देखभाल, संरक्षण और अल साल्वाडोर में वनों का वसि्तार करने संबंधी ठोस कार्यों को बढ़ावा देने के लयि प्रतबिद्ध होना चाहयि।

दृष्टि The Vision

//

- 1960 के दशक के बाद से अल साल्वाडोर के मूल जंगलों का लगभग 85% हिस्सा, जबकि पूरी पृथ्वी के मूल जंगलों का लगभग 80% हिस्सा नष्ट हो गया है।
- अल साल्वाडोर सात मध्य अमेरिकी देशों में से सबसे छोटा और घनी आबादी वाला देश है। इसकी राजधानी सैन साल्वाडोर (San Salvador) है।

---

## रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी
## Defence Space Research Agency

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी (DSRA) की स्थापना को मंज़ूरी दे दी है जिसे अंतरिक्ष युद्ध हथियार प्रणाली और प्रौद्योगिकी बनाने का काम सौंपा गया है।

- इस एजेंसी को वैज्ञानिकों की एक टीम उपलब्ध कराई जाएगी। यह एजेंसी ट्राई-सर्विसेज़ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (Tri-services Integrated Defence Staff Officers) के समन्वय में कार्य करेगी।
- यह रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (Defence Space Agency- DSA) को अनुसंधान और विकास सहायता प्रदान करेगी जिसमें सेना, नौसेना और वायुसेना के सदस्य शामिल हैं।
    - रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी का निर्माण देश को बाहरी अंतरिक्ष में युद्ध लड़ने में मदद के लिये किया गया है।
    - रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी को बंगलुरू में एक एयर वाइस मार्शल रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में स्थापित किया गया है और यह धीरे-धीरे तीन बलों की अंतरिक्ष संबंधी कार्यवाहियों को संभाल लेगी।

---

## खीर भवानी मेला
## Kheer Bhawani Mela

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के गांदरबल ज़िले में खीर भवानी मंदिर में ज्येष्ठ अष्टमी के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

- यह त्योहार कश्मीर के पंडितों और मुसलमानों के बीच संबंधों में तेज़ी से सुधार लाने का माध्यम बनकर उभर रहा है।
- खीर भवानी/क्षीर भवानी एक पवित्र झरने पर निर्मित देवी खीर भवानी (मूल रूप से सिर्फ भवानी) को समर्पित मंदिर है।
- यह मंदिर श्रीनगर से 14 मील की दूरी पर तुलमूल गाँव के पास स्थित है। खीर भवानी देवी की पूजा लगभग सभी कश्मीरी हिन्दू करते हैं।
- पारंपरिक रूप से वसंत ऋतु में इस मंदिर में खीर चढ़ाई जाती थी, इसलिये इसका नाम 'खीर भवानी' पड़ा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-12-06-2019